# राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Email:- registrar.rmpu@gmail.com

पत्रांकः–आर0एम0पी0यू0 / 2400 / 2023 दिनांकः–27 सितम्बर, 2023

प्रेषक,

प्रो0 (डॉ0) एस0के0 रावत,
नोडल अधिकारी, (AISHE)
राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय,
अलीगढ़।

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या / नोडल अधिकारी (AISHE),
समस्त महाविद्यालय,
संबद्ध राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय,
अलीगढ।

विषयः–अखिल भारतीय उच्चतर शिक्षा सर्वेक्षण (AISHE) के अन्तर्गत Third Party Audit of AISHE and Scholarship Data के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अवगत कराना है कि राज्य नोडल अधिकारी (अखिल भारतीय उच्चतर शिक्षा सर्वेक्षण उ0प्र0 लखनऊ के पत्रांक 49 / SNO-UP/AISHE/08/19 दिनांक 08.09.2023 एवं भारत सरकार शिक्षा मंत्रालय, उच्च शिक्षा विभाग, नई दिल्ली के पत्र संख्या 19–1 / 2022–Stat, दिनांक 18.07.2023 के सन्दर्भित पत्र के माध्यम से उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 में ए0आई0 एस0एच0ई0 (AISHE) 2020–2021 सर्वेक्षण के साथ–साथ छात्रवृत्ति में प्रदान की गयी जानकारी का डाटा ऑडिट किया जाना है।

उक्त के क्रम में भारतीय प्रबंधन संस्थान, कोलकाता को एआईएसएचई (AISHE) पोर्टल में संस्थानों द्वारा अपलोड किये गये डाटा और छात्रवृत्ति डाटा को सत्यापित / क्रॉस–चेक करने के लिये इस स्वतंत्र ऑडिट का संचालन करने का काम सौंपा गया है। आई0आई0एम0 कोलकाता एक प्रमुख अनुसंधान संगठन कांतार पब्लिक अग्रणी रिसर्च आर्गेनाइजेशन के माध्यम से देश भर में संस्थान (विश्वविद्यालय, कालेज, स्टैंड–अलोन संस्थानों) स्तर पर इस डाटा ऑडिट का संचालन कर रहा है। इस लिये कांतार पब्लिक के प्रतिनिधि एआईएसएचई (AISHE) सर्वेक्षण 2020–21 के गुणवत्ता मानकों और शिक्षा मंत्रालय की छात्रवृत्ति योजनाओं अर्थात सीएसएसएस योजना और पीएमयूएसपीजेकेएल के तहत दी गयी छात्रवृत्ति के डाटा के संग्रह के लिये चयनित संस्थानों की जाँच / दौरा करेंगें।

अतः आपसे अनुरोध है कि डाटा ऑडिट के महत्व को ध्यान में रखते हुये अनुसंधान टीम को समस्त आवश्यक जानकारी उपलब्ध करने में सहयोग करने का कष्ट करें। डाटा ऑडिट से सम्बन्धित किसी भी जानकारी लिये "कांतार पब्लिक" नई दिल्ली में श्री सप्तर्षि गुहा से ईमेल saptarshi.guha@kantar.com पर सम्पर्क कर सकते है।

भवदीय,

प्रो0 (डा0) एस0के0 रावत
विश्वविद्यालय, नोडल अधिकारी
अखिल भारतीय उच्चतर शिक्षा सर्वेक्षण
(AISHE) उ0प्र0

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1. निजी सचिव, कुलपति, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय अलीगढ़।
2. निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
3. कुलसचिव, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
4. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, अलीगढ़–आगरा परिक्षेत्र, आगरा।
5. प्रभारी वेबसाईट को इस निर्देश के साथ कि समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों के लॉगईन आई0डी0 एवं विश्वविद्यालय वेबसाइट पर तत्काल अपलोड करें।
6. गार्ड फाईल।

27.9.23
सहा कुलसचिव

CamScanner

Scanned with CamScanner

# अखिल भारतीय उच्चतर शिक्षा सर्वेक्षण (उ0प्र0)

## (All India Survey on Higher Education, U.P)

Phone No: 0522- 2287977 Email: aishecellup@gmail.com

पत्रांक : 49 /SNO-UP /AISHE/ 08/19 दिनांक : 09.08.2023

सेवा में,

1. कुलसचिव,
   समस्त राज्य विश्वविद्यालय, निजी विश्वविद्यालय, प्राविधिक विश्वविद्यालय, चिकित्सा विश्वविद्यालय, कृषि विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश।
2. निदेशक / प्राचार्य,
   समस्य राजकीय / अशासकीय, अनुदानित, स्ववित्तपोषित महाविद्यालय, उ0प्र0
3. मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, उ0प्र0
   स्टेट मेडिकल फेकल्टी,
   लखनऊ।

**विषयः– अखिल भारतीय उच्चतर शिक्षा सर्वेक्षण (AISHE) के अन्तर्गत** Third Party Audit of AISHE and Scholarship Data के सम्बन्ध में।

**महोदय,**

उपयुक्त विषयक अवगत कराना है कि भारत सरकार शिक्षा मंत्रालय, उच्च शिक्षा विभाग, नई दिल्ली के पत्र सं0 19-1/2022-Stat, Date: 18 th July, 2023 के संदर्भित पत्र के माध्यम से उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश में ए0आई0एस0एच0ई0 2020–21 सर्वेक्षण के साथ–साथ छात्रवृत्ति में प्रदान की गई जानकारी का डेटा ऑडिट किया जाना है।

उक्त के क्रम में भारतीय प्रबंधन संस्थान, कलकत्ता को एआईएसएचई पोर्टल में संस्थानों द्वारा अपलोड किए गए डेटा और छात्रवृत्ति डेटा को सत्यापित / क्रॉस–चेक करने के लिए इस स्वतंत्र ऑडिट का संचालन करने का काम सौंपा गया है। आई0आई0एम0, कलकत्ता एक प्रमुख अनुसंधान संगठन, कांतार पब्लिक के माध्यम से देश भर में संस्थान स्तर (विश्वविद्यालयों, कॉलेजों, स्टैंड–अलोन संस्थानों) पर इस डेटा ऑडिट का संचालन कर रहा है। इसलिए कांतार पब्लिक के प्रतिनिधि एआईएसएचई सर्वेक्षण 2020–21 के गुणवत्ता मानकों और शिक्षा मंत्रालय की छात्रवृत्ति योजनाओं, अर्थात् सीएसएसएस योजना और पीएमयूएसपीजेकेएल के तहत दी गई छात्रवृत्ति के डेटा के संग्रह के लिए चयनित संस्थानों का दौरा करेंगे।

अतः आपसे से अनुरोध है कि डेटा ऑडिट के महत्व को ध्यान में रखते हुए अनुसंधान टीम को सभी आवश्यक जानकारी प्रदान करने का कष्ट करें। डेटा ऑडिट से सम्बन्धित किसी भी जानकारी के लिए कांतार पब्लिक, नई दिल्ली में श्री सप्तर्षि गुहा से ई0मेल– saptarshi.guha@kantar.com संपर्क कर सकते है।

भवदीय,
Sanjay
**(संजय कुमार दिवाकर)**
राज्य नोडल अधिकारी,
अखिल भारतीय उच्चतर शिक्षा सर्वेक्षण,
उत्तर प्रदेश।

**प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ :–**

1. निजी सचिव, कुलपति, समस्त राज्य विश्वविद्यालय को मा0 कुलपति महोदय के अवगतार्थ।
2. निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।

Sanjay
**(संजय कुमार दिवाकर)**
राज्य नोडल अधिकारी,
अखिल भारतीय उच्चतर शिक्षा सर्वेक्षण,

**Office Address:** 651-652. Indira Bhawan. Ashok Marg. Lucknow (U.P.) 226001

Scanned with CamScanner

IMMEDIATE / PRIORITY

**R Rajesh**
**Deputy Director General**
**r.rajesh@nic.in**

सत्यमेव जयते

75 आज़ादी का अमृत महोत्सव

भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग
शास्त्री भवन
नई दिल्ली – 110 115
GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF EDUCATION
DEPARTMENT OF HIGHER EDUCATION
SHASTRI BHAVAN
NEW DELHI-110 115

No. 19-1/2022-Stat

Date: 18th of July, 2023

**Subject : Third Party Audit of AISHE and Scholarship Data - reg**

In view of the importance and relevance of the AISHE as the single comprehensive and reliable data source of Higher Education, and the Scholarships for Higher Education provided by the Department of Higher Education, the Department of Higher Education, GoI has embarked on a Data Audit of the information furnished in AISHE 2020-21 Survey as well as Scholarships.

2. Indian Institute of Management, Calcutta has been entrusted to conduct this independent audit for verifying/ cross checking the data uploaded by Institutions in the AISHE portal and also the Scholarship data. IIM, Calcutta is conducting this data audit at the institution level (Universities, Colleges, Stand-alone Institutions) across country through Kantar Public, a leading Research Organisation.

3. So the representatives from Kantar Public will visit the selected institutions for collection of the data of quality parameters of AISHE Survey 2020-21 and the Scholarships given under the Scholarship schemes of the Ministry of Education, namely CSSS Scheme and PMUSPJKL. This audit will start immediately and will be completed by end of August, 2023. As a part of the data audit, the information will be collected from the Nodal officer/Office bearers of the selected institutions which includes observation of infrastructure as well. The information collected will be kept confidential and will be used for the analysis purposes for the Ministry only, without giving out any specific details of any of the institutions.

4. For any further information about this project and the survey work, one may contact Mr. Saptarshi Guha at Kantar Public, New Delhi. (011-42482276) and email-saptarshi.guha@kantar.com; and Prof. Saibal Chattopadhyay IIM, Calcutta at email-chattopa@iimcal.ac.in

5. Considering the importance of this Data Audit, it is requested to kindly extend your full support and provide all the necessary information to the research team and make this time bound exercise a success.

RRajesh
**(R Rajesh)**

**To**
**The Nodal Officers of Institutions selected for the Audit**
**Copy to : State Nodal Officer**

Scanned with CamScanner